## खबर संक्षेप

### 100 दिवसीय निक्षय शिविर का हो रहा आयोजन

**कटनी।** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम को और प्रभावी बनाने के लिए 100 दिवसीय निक्षय शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह अभियान जिले में 25 मार्च तक चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य टीबी उन्मूलन के प्रयासों को और अधिक गति देना और जन जागरूकता को बढ़ावा देना है। जिले में 100 दिनों में लोगों की टीबी की व्यापक स्तर पर स्क्रीनिंग, जांच, उपचार और जन जागरूकता को सुनिश्चित किया जा रहा है। निक्षय शिविर के दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा लोगों को टीबी के बारे में जागरूक किया जा रहा है। टीबी से कैसे बचा जाए एवं टीबी के क्या लक्षण है, इसकी जानकारी भी दी जा रही है। यदि किसी व्यक्ति को चलने में सांस भरना, लगातार खांसी आना, भूख नहीं लगना, वजन कम होना, रात को पसीना आना जैसे टीबी के सामान्य लक्षण हो सकते हैं। इसके लिए निरूशुल्क एक्सरे करवाये। अगर मरीज टीबी पॉजीटिव आता है, तो उसको 6 माह तक दवाई लेना होती है, दवाई में किसी भी दिन का कोई गैप नहीं होना चाहिए। टीबी का मरीज दवाई लेने पर ठीक हो जाता है। टीबी कोई घातक बीमारी नहीं है। अगर जांच में मालूम पड़ जाता है कि किसी व्यक्ति को टीबी है, तो दवाई जरूर लेना चाहिए। दवाई का नियमित उपयोग करने से व्यक्ति पूर्ण स्वस्थ हो जाता है।

### शांति समिति की बैठक सोमवार 10 मार्च को

**कटनी।** जिले में माह मार्च एवं अप्रैल में त्योहारों के मद्देनजर शांति एवं कानून व्यवस्था के नजरिये से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सोमवार 10 मार्च को दोपहर 3 बजे शांति समिति की बैठक की गई है। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर दिलीप कुमार यादव करेंगें। बैठक में शांति समिति के सदस्यों सहित संबंधित अधिकारियों को बैठक में मौजूद रहने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में होलिका दहन, होली, भाई दूज, नवरात्रि बैठकी, ईद-उल-फितर और नवरात्रि जवारा विसर्जन जैसे पर्व और त्योहारों के व्यवस्थित एवं शांतिपूर्ण आयोजन हेतु शांति समिति की बैठक आयोजित की गई है।

### उपार्जन कार्य के लिए पंजीयन की अंतिम तिथि आज

**कटनी।** उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास ने बताया कि रबी विपणन वर्ष 2025-26 में चना, मसूर एवं सरसों के न्यूनतम समर्थन मूल्य पर उपार्जन के लिए जिले में पंजीयन का कार्य प्रारंभ है। जिसकी अंतिम तिथि सोमवार 10 मार्च 2025 है। भारत सरकार द्वारा रबी वर्ष 2024-25 (विपणन वर्ष 2025-26) के लिए औसत अच्छी गुणवत्ता (एफ.ए.क्यू.) के चना, मसूर एवं राई-सरसों का समर्थन मूल्य क्रमशः रूपये 5650 प्रति क्विंटल, रु. 6700 प्रति क्विंटल, तथा रूपये 5950 प्रति क्विंटल, घोषित किया गया है। मप्र शासन खाद्य नागरिक आपूर्ति उपभोक्ता संरक्षण मंत्रालय भोपाल के माध्यम से रबी विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर गेंहू उपार्जन हेतु किसान पंजीयन प्रक्रिया संबंधी दिशा निर्देश जारी किए गए है। गेंहू पंजीयन हेतु जारी दिशा निर्देश के अनुरूप खाद्य विभाग के पोर्टल पर ही चना, मसूर एवं सरसों के कृषकों का पंजीयन किया जा रहा है।

### विशिष्ट विद्यालयों में कक्षा 6वीं में प्रवेश की अंतिम तिथि आज

**कटनी।** विभागीय विशिष्ट विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए कक्षा 6 वीं में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा 30 मार्च 2025 को किया जाना संभावित है। प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन पत्र 10 फरवरी 2025 से विभागीय एमपीटास पोर्टल पर आमंत्रित किये जा रहे है। उक्त आवेदन करने की अंतिम तिथि 10 मार्च निर्धारित है। जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग ने शैक्षणिक सत्र 2025- 26 के लिए कक्षा 6 वीं में प्रवेश परीक्षा के लिए अधिक से अधिक छात्र- छात्राएं विभागीय एमपीटास पोर्टल पर आवेदन करने अपील की है।

## उमरियापान थाना क्षेत्र में हुई घटना, नहर में नहाने गई थी बच्चियां, दो के शव मिले, देर शाम तक नहीं मिली बच्ची मानवी

# नहर में डूबने से दो बच्चियों की मौत, तीसरे की तलाश जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान





उमरियापान थाना क्षेत्र में रविवार को नर्मदा नहर में तीन बच्चियों के डूबने की घटना ने पूरे क्षेत्र सनसनी मच गई। इस घटना में दो बच्चियों की मौत हो चुकी हो गई जबकि तीसरी बच्ची की तलाश समाचार लिखे जाने तक जारी रही। तीनों बच्चियां नहर में नहाने गई थीं। नहाने के दौरान तीनों गहरे पानी में चली गई और डूब गई। बच्चियों की पहचान सिद्धि पटेल (12 वर्ष, कक्षा आठवीं) एवं अंशिका पटेल (14 वर्ष, कक्षा नवमी) के रूप में हुई है, जबकि सिद्धि की छोटी बहन मानवी पटेल (8 वर्ष) की तलाश जारी रही। इस हृदयविदारक घटना के बाद गांव में मातम पसर गया है। पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। घटना की जानकारी लगते ही प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे।

जानकारी के अनुसार रविवार की सुबह परसवारा गांव की तीन बच्चियां उमरियापान के समीप नर्मदा नहर में नहाने के लिए गई थीं। नहर का पानी गहरा होने के कारण तीनों बच्चियां उसमें डूबने लगीं। आस-पास कोई मौजूद नहीं था, जिससे उन्हें तुरंत बचाया नहीं जा सका। कुछ देर बाद जब स्थानीय लोगों को इस घटना की जानकारी मिली, तो उन्होंने प्रशासन को सूचित किया और बच्चियों की तलाश शुरू की गई। बचाव कार्य में लगे स्थानीय गोताखोरों और पुलिस दल ने सिद्धि पटेल और अंशिका पटेल के शव बरामद कर लिए, लेकिन आठ वर्षीय मानवी पटेल नहीं मिल पाई। गोताखोर और प्रशासनिक अधिकारी उसकी तलाश में जुटे हुए हैं। पानी के तेज बहाव के कारण खोज अभियान में कठिनाइयां आ रही थीं।





### मौत से गांव में पसरा मातम

बच्चियों के नहर में डूबने से मौत हो जाने की खबर जैसे ही गांव में फैली चारों ओर शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल रहा। सिद्धि और अंशिका की मौत ने पूरे गांव को स्तब्ध कर दिया। क्षेत्रीय लोगों का कहना था कि यह पहली घटना नहीं है इससे पहले भी घटनाएं हो चुकी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन को इस नहर के किनारे चेतावनी बोर्ड लगाने चाहिए थे और बच्चों को नहर में जाने से रोकने के लिए उचित प्रबंध करने चाहिए थे।

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि क्षेत्र में प्रशिक्षित गोताखोरों की नियुक्ति की जाए। साथ ही स्कूलों में बच्चों को जल सुरक्षा की ट्रेनिंग दी जाए ताकि वे ऐसी परिस्थितियों में खुद को सुरक्षित रख सकें।

### तहसीलदार एवं पुलिस पहुंची

घटना की सूचना मिलते ही उमरियापान थाना प्रभारी और तहसीलदार मौके पर पहुंचे। पुलिस और स्थानीय प्रशासन ने गोताखोरों की मदद से तुरंत रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। कुछ ही घंटों में दो बच्चियों के शव बरामद कर लिए गए, लेकिन तीसरी बच्ची का पता नहीं चल पाया। देर शाम तक स्थानीय गोताखोरों और राज्य आपदा मोचन बल (SDRF) की टीम बच्ची की तलाश करती रही। ग्रामीणों की मांग है कि प्रशासन तुरंत चेतावनी बोर्ड लगाए और नहर किनारे बाड़ लगवाई जाए। नहर के किनारे कोई चेतावनी बोर्ड या सुरक्षा घेरा नहीं है, जिससे बच्चे और अन्य लोग आसानी से नहर के पास चले जाते हैं।

### पहले भी हो चुकी हैं घटनाएं

यह कोई पहली घटना नहीं है जब नर्मदा नहर में किसी की जान गई हो। बीते वर्षों में भी इस नहर में कई डूबने की घटनाएं हो चुकी हैं। 2022 उमरियापान के ही समीप एक युवक की नहर में डूबने से मौत हो गई थी। 2021 परसवारा गांव के दो किशोर नहर में डूब गए थे।

### पीड़ित परिवार से मिले विधायक

घटना की जानकारी मिलते ही बड़वारा विधायक धीरेंद्र सिंह बहादुर घटना स्थल पहुंचे तथा अधिकारी कर्मचारियों से घटना की जानकारी ली। इसके साथ ही पीड़ित परिवार से मिलकर ढांढस बंधाया एवं तत्कालिक सहायता राशि प्रदान करने की बात कही। इसके अलावा तहसीलदार अजय मिश्रा से संबल योजना के तहत चार-चार लाख रुपए पीड़ित परिवार को दिलाने कहा गया।

## महाविद्यालय बरही में मनाया गया महिला दिवस पर कार्यक्रम

# महिलाओं के अधिकारों, उपलब्धियों एवं समाज में योगदान पर हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



शासकीय महाविद्यालय बरही मे संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना, रेड रिबन क्लब एवं ईको क्लब द्वारा प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी के मार्गदर्शन, रा. से. यो. कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरविंद सिंह के नेतृत्व में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में डॉ. अरविंद सिंह ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस हर साल 8 मार्च को मनाया जाता है, संपूर्ण विश्व में यह दिन महिलाओं के अधिकारों, उनकी उपलब्धियों और समाज में उनके योगदान को सम्मान देने के साथ साथ महिलाओं को समानता, सशक्तिकरण और उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों, संगोष्ठी, परिचर्चा, रैलियों एवं अन्य माध्यमों से मनाया जाता है। डॉ. रश्मि त्रिपाठी ने कहां कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना रही हैं चाहे वह राजनीति हो, विज्ञान हो, खेल हो, या फिर कला या व्यापार हो साथ ही देश की सुरक्षा के क्षेत्र में भी आगे बढ़ रही है। डॉ. मंजुलता साहू ने बताया कि आज भले ही महिलाएं पुरुषों के बराबर अधिकार पाने की दिशा में आगे बढ़ चुकी हैं, लेकिन अभी भी समाज में लैंगिक असमानता, घरेलू हिंसा, वेतन में भेदभाव और महिला शिक्षा जैसे कई मुद्दे मौजूद हैं। डॉ सुनीता सिंह ने कहां कि 8 मार्च सिर्फ एक तारीख नहीं, बल्कि नारी शक्ति के संघर्ष, संकल्प और सफलता का उत्सव है एवं सभी को बेटी बचाओ एवं बेटी पढ़ाओ नारे के माध्यम से प्रेरित किया।

डॉ. के. के. विश्वकर्मा ने कहां कि एक महिला को अपने जीवन में कई सारे उतार-चढ़ावों से गुजरना पड़ता है। बावजूद इसके हर मुश्किलों को पार कर वह अपनी सभी जिम्मेदारियां को बखूबी निभाती हैं। छात्र राम तिवारी एवं मुस्कान सोनी ने भी गीत के माध्यम से अपने अपने विचार व्यक्त किए।

## 1666 विद्यार्थियों ने दी परीक्षा, 177 रहे अनुपस्थित



जिला स्तरीय उत्कृष्ट विद्यालय एवं विकासखंड स्तरीय उत्कृष्ट विद्यालय के अंतर्गत जिले के दो मॉडल स्कूल विजयराघवगढ़ व मॉडल स्कूल ढीमरखेड़ा की कक्षा 9 वी में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा का आयोजन रविवार 9 मार्च 2025 को जिले के दस परीक्षा केंद्रों में किया गया। आयोजित परीक्षा के दौरान सहायक संचालक राजेश अग्रहरी सहित अन्य अधिकारियों द्वारा परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया। सहायक संचालक श्री अग्रहरि द्वारा बताया गया कि आयोजित परीक्षा के दौरान कुल दर्ज 1843 विद्यार्थियों में से 1666 विद्यार्थी उपस्थित रहे। वहीं परीक्षा के दौरान 177 विद्यार्थी अनुपस्थिति रहे। उल्लेखनीय है कि जिला स्तरीय उत्कृष्ठ विद्यालय में कुल 240 स्थान प्रवेश हेतु उपलब्ध है।

# खाद्य सुरक्षा टीम ने खोवा, मिठाई के लिये सेम्पल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



जिले में रमजान एवं आगामी होली पर्व को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर लोगो को मिलावटी खाद्य पदार्थ के सेवन से बचाने के लिए जिला खाद्य सुरक्षा टीम ने शनिवार को जिले के खाद्य दुकानदारों के खिलाफ सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रीमति देवकी सोनवानी ने बताया कि खाद्य सुरक्षा प्रशासन की टीम द्वारा खोवा, पनीर, मिठाइयां वगैरह की जांच हेतु चलाए गए विशेष अभियान के तहत सिल्वर टॉकीज रोड स्थित केसरवानी खोवा भंडार एवं गुप्ता खोवा भंडार से खोवा, पनीर के 4 सैंपल जांच हेतु एकत्रित किए जाकर, सेंपल को राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजने की कार्यवाही की गई। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर अग्रिम कारवाई की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान टीम ने सभी दुकानदारों को साफ सफाई का विशेष ध्यान रखने व सही तौल के साथ शुद्ध एवं मिलावट रहित खाद्य सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित कराए जाने के सख्ती से निर्देश दिए। साथ ही बगैर लाइसेंस के किसी प्रकार के खाद्य कारोबार को न संचालित किए जाने अन्यथा की दशा में सख्त विधिक व दंडात्मक कार्यवाही के लिए भी चेताया गया।

## ढीमरखेड़ा पुलिस ने बीती रात काम्बिंग गश्त कर की कार्यवाही

# स्थायी एवं गिरफ्तारी वारंटियों को दबोचा, 4 ठिकानों से कच्ची व देशी शराब की जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



ढीमरखेड़ा पुलिस द्वारा बीती रात कॉम्बिग गश्त के दौरान 3 फरार स्थाई वांरटी, 3 गिरफ्तारी वारंटी को पकड़ा गया। साथ ही अवैध शराब के ठिकानो पर कार्यावाही की गई। जानकारी के अनुसार ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत अलग-अलग स्थानो से गुंडा बदमाशों को गिरफ्तार किया किया गया जिससे त्यौहार में क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी रहे।

थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस कप्तान द्वारा वांरटीयो की धरपकड एंव अवैध शराब के ठिकानो पर कार्यवाही करने एंव गुण्डा बदमाशो की चैकिंग हेतु आदेशित किया गया था जिसके पालन में गत रात कॉम्बिग गश्त के दौरान लंबे समय से 3 फरार स्थाई वांरटी एवं 3 गिरफ्तारी वारंटी को गिरफतार कर न्यायालय पेश किया गया है। अलग अलग स्थानो में दबिश देकर 04 प्रकरण अवैध शराब के पंजीबद्ध किये गये है।

गश्त के दौरान स्थाई वारंटी- अन्नू सेन नि. पिंडरई , पंचू गाड़ारी नि. गनियारी, गिरफतार वारंटी पवन वंस्कार नि. रंगनाथ नगर, रमेश राय निवासी सिलोंडी, राहुल को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया है। इसके अलावा प्रमोद यादव डुडहा, शिवराज चौधरी कटरा, सुमित साहू खमरिया, गोविंद पटेल गोपालपुर के कब्जे से 15 लीटर कच्ची शराब 65 पाव देसी प्लेन अवैध शराब जप्त किया गया है।

कार्यवाही में निरीक्षक मो. शाहिद,उनि सुरेश चौधरी सउनि महेश झरिया सउनि जयचंद उईके, सउनि संतोष विश्वकर्मा , प्र.आर. सुब्बाचन यादव, आर पंकज आर अजय धुर्वे आर देवेंद्र आदि की भूमिका रही।

## विभागीय बजट में 29 करोड़ से अधिक का किया गया प्रावधान

# निकायों को आय में वृद्ध पर मिलेगी प्रोत्साहन राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगरीय निकायों को अपनी आय में वृद्धि करने के लिये इस वर्ष राजस्व आय में श्रेष्ठ कार्य करने वाली स्थानीय निकायों को पुरस्कृत करने के लिये विभागीय बजट में 29 करोड़ 4 लाख रूपये का प्रावधान किया गया है। प्रोत्साहन योजना में आय में वृद्धि करने वाली नगरीय निकायों को पिछले 2 वित्तीय वर्षों में राजस्व और गैर राजस्व आय में हुई वृद्धि के प्रतिशत के अनुसार प्रोत्साहन राशि दी जायेगी। नगरीय निकायों को संपत्ति कर, समेकित कर, नगरीय विकास उप कर एवं शिक्षा उप कर से प्रमुख रूप से आय होती है। इसके अलावा नगरीय निकायों को जल उपभोक्ता प्रभार, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्रभार, भूमि भवन किराया, बिल्डिंग परमिशन फीस से भी आय होती है।

विभाग ने नगरीय निकायों को दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि उनकी आबादी के हिसाब से निर्धारित की है। प्रदेश के ऐसे नगर पालिक निगम, जिनकी जनसंख्या 5 लाख से अधिक है, उन्हें प्रथम स्थान पर रहने पर 4 करोड़, द्वितीय पर 2 करोड़ 50 लाख और तृतीय स्थान पाने पर 1 करोड़ 50 लाख रूपये की राशि प्रोत्साहन स्वरूप दी जायेगी। प्रदेश के जिन नगर पालिक निगम की जनसंख्या 5 लाख से कम है, उन्हें प्रथम स्थान पर आने पर 3 करोड़ रूपये, द्वितीय पर 2 करोड़ रूपये और तृतीय स्थान प्राप्त करने पर एक करोड़ रूपये की राशि दी जायेगी। प्रदेश की ऐसी नगर पालिका परिषद, जिनकी जनसंख्या एक लाख से कम है, उन नगर पालिका परिषद को आय वृद्धि पर पहले स्थान के लिये 2 करोड़ रूपये, द्वितीय स्थान के लिये 1 करोड़ 25 लाख रूपये, तृतीय स्थान के लिये 75 लाख रूपये की राशि दी जायेगी। प्रदेश की ऐसी नगर परिषद जिनकी आबादी 25 हजार से अधिक है, उन्हें प्रथम स्थान पर रहने पर एक करोड़ 25 लाख रूपये, द्वितीय स्थान पर 75 लाख रूपये और तृतीय स्थान पर रहने पर 50 लाख रूपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जायेगी।

प्रदेश की 25 हजार से कम आबादी वाली नगर परिषदों को राजस्व आय वृद्धि में प्रथम स्थान पर आने के लिये 75 लाख रूपये, द्वितीय स्थान पर आने के लिये 50 लाख रूपये और तृतीय स्थान पर आने के लिये 29 लाख रूपये की राशि दी जायेगी। प्रत्येक वर्ग में राजस्व आय के आधार पर 3-3 नगरीय निकायों का चयन किया जायेगा।नगरीय निकायों की राजस्व एवं गैर राजस्व आय का निर्धारित मापदंडों के अनुसार संचालनालय स्तर पर ई-नगर पालिका के विश्लेषण के बाद पुरस्कृत किया जायेगा।

# क्रिकेट खेल रहे युवक की बिगड़ी तबीयत, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



रंगनाथ नगर थाना क्षेत्र में दोस्तों के साथ क्रिकेट खेल रहे एक 24 साल के युवक की अचानक तबीयत बिगड़ गई। दोस्त जब उसे अस्पताल लेकर पहुंचे तो वहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना ने पूरे जिले में खलबली मचा दी है। क्रिकेट खेलते समय हुई युवक की मौत के बाद अस्पताल में भीड़ जमा हो गई। जानकारी के मुताबिक रंगनाथ नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत रेलवे पुल के पास दोस्तो के साथ क्रिकेट खेल रहें एक 24 वर्षीय युवक दिव्य गुप्ता की खेलते समय अचानक तबियत बिगड़ गई। सीने में अचानक दर्द होने के कारण उसने साथ खेल रहे दोस्तो से तबियत ठीक नही होने की बात कही। कुछ देर ग्राउंड के बाहर आराम करने बैठा मगर ग्राउंड के बाहर दिव्य की तबियत और बिगड़ गई।

इसी बीच ग्राउंड में मैच खेल रहें दोस्त भी दिव्य के पास पहुँचे और उसकी तबियत को देखते हुए नजदीक एक क्लिनिक में दिव्य को लेकर गए। जहाँ डाक्टर ने उसे जिला अस्पताल ले जाने को कहा। जब आनन-फानन में दिव्य को जिला अस्पताल लाया गया वहां डाक्टरों ने उसे जांच के बाद मृत घोषित कर दिया।

शव को जिला अस्पताल के पोस्टमॉर्टम में ले जाया गया। पुलिस ने घटना को जांच में लिया है। इस घटना के बाद अस्पताल में भारी भीड़ जमा हो गई।

**खबर संक्षेप**

## जुआ खेलते 7 जुआरी पकड़ाए, 2100 रूपए नकदी किए जब्त

**कटनी।** झिंझरी चौकी पुलिस ने जुआ खेल रहे 7 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। जुआरियों से नकदी रूपए भी जब्त किये गए हैं। यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संतोष डेहरिया, नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमति ख्याति मिश्रा के मार्गदर्शन में की गई। जानकारी के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम मझौली टोला में सार्वजनिक स्थान पर कुछ लोग जुआ के फड लगाकर बैठे है एवं जुआड़ीयान तास के 52 पत्तो पर हार जीत का दाव पेच लगा रहे है की सूचना पर हमराह स्टाफ लेकर सूचना तस्दीक पर ग्राम मझोली टोला पहुँचे जहाँ पर जुआडियान फड़ में ताश के पत्ते पर पैसो का हार जीत का दाव लगाकर जुआ खेलते हुये मिले जिनको घेराबंदी कर पकड़ा गया जिसमें आरोपी कृष्ण कुमार कोल निवासी भरौली, संदीप सिंह निवासी भरौली, मिलन कोल निवासी मझोली, सम्पत कोल निवासी भरौली, हनुमान कोल निवासी कछगवा, सचिन कोल निवासी कच्छगवा, रतन लाल भूमिया निवासी कछगवा जुआ मन्ना खेलते हुये मिले। सभी के पास से 2100 रुपये जप्त किया गया। कार्यवाही में चौकी प्रभारी झिंझरी प्रियंका राजपूत,प्रआर राजेश चौधरी, प्रआर पंकज त्रिपाठी, आर सुरेश ,आर जज ,आर.अजय, सैनिक अक्षय आदि की भूमिका रही।

## ग्राम सभा में महिलाओं को बचत करने पर चर्चा हुई

**सिलौंडी।** सिलौंडी ग्राम पंचायत भवन में महिला दिवस पर विशेष ग्राम सभा हुई ।जिसमें सरपंच पंचों संतोष करना,जनपद पंचायत सदस्य माधुरी रवि अवस्थी ,सचिव शालिग्राम तिवारी ने ग्राम की महिलाओं का सम्मान करते हुए । महिला शास्त्रीकरण ,मासिक बचत पर स्व सहायता समूह से जोड़कर आय में वृद्धि पर चर्चा की । सचिव शालिग्राम तिवारी ने महिलाओ को छोटे छोटे निवेश करते हुए बचत करने के उपाय बताएं । सरपंच पंचों संतोष कुमार ने स्व सहायता समूह से जोड़कर आय में वृद्धि करने का जानकारी दी । इस दौरान पंच राजेश राय ,पंच श्यामदत्त राय,पंच फूला बाई ,पंच रघुवीर सिंह , सुधीर जैन ,अरुण राय , प्रमोद काछी , लाहोरे गाडरी ,आगनवाड़ी कार्यकर्ता ,सहायिका सहित ग्राम की महिलाओं की मौजदूगी रही है ।

## अलग अलग ठिकानों से 20 हजार की शराब जब्त

**बरही।** पुलिस ने एक दर्जन ठिकानों में दबिश देकर अवैध शराब जब्त की है। थाना प्रभारी शैलेन्द्र सिंह यादव के नेतृत्व में आगामी त्योहार होली को दृष्टिगत रखते हुए अवैध शराब बिक्री पर अंकुश लगाने हेतु पुलिस द्वारा टीम गठित कर थाना क्षेत्र में कस्बा बरही के अलग अलग ठिकानो करेला, कनौर, सूर्यसनातन, बम्हनगवां , करेंहा, बरही उबरा में दबिश देकर अवैध शराब बेचने वाले 13 व्यक्तियो के कब्जे से कुल 140 पाव देशी मदिरा प्लेन व 30 लीटर कच्ची महुआ शराब इस प्रकार कुल कीमती 20000 रूपये जप्त कर प्रभावी कार्यवाही की गई।

### बीते फरवरी माह में एक ही दिन बदमाशों ने लूट की दो वारदात को दिया था अंजाम

# लूट के मामले में रीठी के 5 युवकों को किया गिरफ्तार, लूट की बाइक व मोबाइल बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



कटनी जिले के रीठी थाना अंतर्गत ग्राम बरहटा, हनुमानताल मोहल्ला एवं पटैल मोहल्ला निवासी 5 युवकों ने पड़ोसी शाहनगर थाना की पुलिस ने लूटपाट के मामले में गिरफ्तार किया है। सभी आरोपितों को कार्यवाही के बाद न्यायालय में पेश किया जहां से उनको भेज दिया गया। आरोपितों के पास से पुलिस ने लूट की रकम, मोटर साइकिल एवं मोबाइल भी बरामद किया है।

जानकारी के मुताबिक 11 फरवरी को फरियादी रामचन्द्र चौधरी पिता भागचन्द्र चौधरी निवासी खम्हरिया थाना रीठी द्वारा थाना शाहनगर में रिपोर्ट की गई कि दिनांक 9 फरवरी को मैं एवं मेरे परिवार के लोग भतीजी के तिलक (लगन) कार्यक्रम में शामिल होने के लिये ग्राम बडेरा गये थे । घर के सभी सदस्य अन्य साधनो से आगे निकल गये थे, मैं और मेरा चचेरा भाई मोटर साइकिल से जा रहे थे तभी रास्ते में ठंड लगने के कारण हम दोनो सुडोर मोड में आग सेंकने लगे। तभी 02 मोटर साइकिल से 04 लड़के आये और हम लोगो को गाली गलौज करते हुये दोनो लोगो के पर्स में रखे 10 हजार रूपये एवं दोनो लोगो के 02 मोबाइल लूट ले गये थे । फरियादी की रिपोर्ट पर थाना शाहनगर में अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध अप.क्र. 42/25 धारा 309 (4), 309 (6) BNS का कायम किया गया । इसी प्रकार एक अन्य फ़रियादी जगत पटेल पिता शिवलाल पटेल नवासी बडगाँव रीठी द्वारा थाना शाहनगर में रिपोर्ट की गई कि दिनांक 09 फरवरी 2025 25 को मैं अपने दोस्त कृष्ण कुमार के साथ मोटरसाइकिल से अपने गाँव से अपनी मौसी के घर बीजाखेड़ा गया था । रात में करीब 09 बजे के मैं मौसी के घर से अपने घर वापस आ रहा था, रास्ते में अरथाई तिराहा के आगे खमरिया मोड के पास मैं पेशाब करने के लिये रूका। तभी 02 मोटरसाइकिलो से 5 लोग वहाँ आ गये और मुझे और मेरे दोस्त को पकड़कर हम लोगो को गाली देते जेब में रखे 500 रूपये, मोटरसाइकिल एवं मोबाइल फोन लूट कर ले गये हैं । फरियादी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध थाना शाहनगर में अप.क्र. 43/25 धारा 309 (4), 309 (6) BNS का कायम किया जाकर विवेचना में लिया गया ।

वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशन में थाना प्रभारी शाहनगर के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा मामले में पुलिस सायबर सेल टीम पन्ना के सहयोग से अज्ञात आरोपियों की तलाश पतारसी हेतु लगातार प्रयास किये गये । मामले में पुलिस टीम द्वारा अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। मुखबिर सूचना के आधार पर मामले में पुलिस टीम द्वारा चिन्हित 05 व्यक्तियों को अभिरक्षा में लिया जाकर पूछताछ की गई। पूछताछ पर संदेहियो द्वारा अपने अपने नाम एवं पता पुलिस टीम को बताये गये । पुलिस टीम द्वारा घटना के संबंध में कड़ाई से पूछताछ किये जाने पर उक्त संदेहियो द्वारा घटना कारित किया जाना स्वीकार किया गया । पुलिस टीम द्वारा दोनो मामलो में संलिप्त 05 आरोपियों को गिरफ्तार किया जाकर आरोपियों के कब्जे से लूटी गई 01 मोटर साइकिल कीमती करीब 45 हजार रूपये, लूटे गये 03 मोबाइल कीमती करीब 25 हजार रूपये, घटना में प्रयुक्त 02 मोटर साइकिल कीमती करीब 90 हजार रूपये एवं 1300 रूपये नगद जप्त किये गये हैं । मामले में आरोपियों को पुलिस रिमाण्ड पर लिया जाकर पूछताछ की जा रही है ।

### इनको किया गया गिरफ्तार

अमित पिता बलीराम पटेल उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम छोटा बरहेंटा थाना रीठी, आनंद पिता जीवन लाल पटेल उम्र 21 वर्ष निवासी छोटा बरहेंटा थाना रीठी कटनी, विक्की पिता बलराम पटेल उम्र 21 वर्ष निवासी पटेल मोहल्ला रीठी, धर्मेन्द्र साहू पिता सन्तोष साहू उम्र 23 वर्ष निवासी हनुमानताल मोहल्ला रीठी, हितेन्द्र पिता आनंद सिंह उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम रीठी थाना रीठी कटनी शामिल हैं।

## जनजातीय गौरव दिवस पर हुआ आयोजन

**सिलौड़ी।** शासकीय महाविद्यालय सिलौंडी में राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस के तारतम्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती जी का पूजन किया गया तथा मोहनी कुम्हार द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। इसके उपरांत अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ से प्राचार्य रतिराम अहिरवार एवं डॉ रविता सिंह , डॉ नीता मिश्रा डॉ सुदीपा जाना, डॉ हेमंत कुमार चौरसिया द्वारा किया गया , कार्यक्रम का संचालन पंकज मिश्रा ने किया। इसके बाद कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सोहन सिंह जनजातीय चेतना मंच के प्रान्त अध्यक्ष जनजातीय आयोग जबलपुर म.प्र के द्वारा जनजातीय समाज के महापुरुषों के इतिहास एवं उनके वलिदान पर विस्तार से व्याखान प्रस्तुत किया गया । मुख्य अतिथि नरेश सिंह मार्को समाज सेवी , विशिष्ट अतिथि विजय बागरी सेवा निकृत शिक्षक कवि एवं साहित्कार ने संबोधित करते हुए छात्र-छात्राओं को उन्होंने बताया कि संस्कृति का विकास वनों से ही हुआ. हमारे पौराणिक ग्रंथ भी वनों में ही लिखे गए हैं. ब्रिटिश हुकूमत से संघर्ष करने वाले जननायकों में भगवान बिरसा मुंडा, टंट्या भील, भीमा नायक रघुनाथ शाह शंकर शाह रानी दुर्गावती आदि जनजातीय क्रांतिकारियों के योगदान पर अपने विचार रखें।

**कलेक्टर जनता के बीच पहुंचकर सुनेंगे उनकी समस्याएं**

## लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम का दूसरा आयोजन स्लीमनाबाद में 12 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव द्वारा जनता के बीच पहुंच कर, उनसे जनसंवाद कर, शिकायतों और उनकी स्थानीय समस्याओं को जानने की अभिनव और संवेदनशील पहल के अंतर्गत लोक सुनवाई सह जनसुनवाई कार्यक्रम का दूसरा आयोजन बुधवार 12 मार्च को बहोरीबंद जनपद पंचायत के स्लीमनाबाद में आयोजित होगा।

लोक सुनवाई का ज़लि का पहला कार्यक्रम गुरुवार 6 मार्च को शाम 4 बजे से ग्राम पंचायत कन्हवारा में आयोजित किया गया था। जहां कलेक्टर श्री यादव स्वयं मौजूद रहकर, लोगों से रू-ब-रू होकर अधिकारयों का समस्याओं के निराकरण हेतु आवश्यक दिश - निर्देश दिये थे।

जिले के अलग-अलग स्थानों में कुल 13 लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम होंगे।

जिले के विभिन्न स्थानों में आयोजित होने वाले लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम की सबसे बड़ी खासियत यह होगी कि इस अभिनव पहल के प्रणेता एवं सूत्रधार कलेक्टर श्री यादव सहित सभी महकमों के जिला अधिकारी,एसडीएम, एसडीओपी और संबंधित तहसील और विकासखंड स्तरीय अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहेंगे। इसके लिए कलेक्टर श्री यादव ने सभी की उपस्थिति के लिए विधिवत निर्देश भी जारी कर दिया है।

### लोक सुनवाई सह जन संवाद की तिथियां एवं स्थान

दूसरी लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन बहोरीबंद जनपद पंचायत के स्लीमनाबाद में बुधवार 12 मार्च को आयोजित होगा। इसी प्रकार गुरूवार 20 मार्च को बडवारा के विलायतकला, बुधवार 26 मार्च को विजयराघवगढ़ के भैसवाही में, गुरुवार 3 अप्रैल को ढीमरखेड़ा के खम्हरिया में, बुधवार 9 अप्रैल को रीठी विकासखंड के ग्राम पंचायत बड़गांव में, गुरुवार 17अप्रैल को कटनी विकासखंड के ग्राम पंचायत पहाड़ी में और गुरुवार 24 अप्रैल को बहोरीबंद विकासखंड के ग्राम पंचायत सिहुडी में लोक सुनवाई सह जनसंवाद का आयोजन होगा।

### यहां भी होगा आयोजन

इसके अलावा गुरुवार 1 मई को बडवारा विकासखंड के ग्राम पंचायत बरनमहगवां मे, गुरुवार 8 मई को विजयराघवगढ़ के ग्राम पंचायत कारीतलाई में, गुरुवार 15 मई को ढीमरखेड़ा विकासखंड के ग्राम पंचायत अंतर्वेद में तथा गुरुवार 22 मई को विकासखंड रीठी के ग्राम पंचायत मुहास में और गुरुवार 28 मई को विकासखंड कटनी के ग्राम पंचायत हीरापुर कौड़िया में लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम होगा। लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम के सभी आयोजन शाम 4 बजे से निर्धारित तिथि और स्थान पर होगा।

### बच्चे की प्रथम पाठशाल एवं शिक्षिका होती है मां



मां बच्चे की प्रथम पाठशाला एवं शिक्षिका होती है जिस घर में महिलाओं द्वारा बच्चों को अच्छे संस्कार दिया जाता है वह परिवार विचारवान संस्कारवान एवं समृद्धवान होता है नारी शक्ति, मातृ शक्ति का सम्मान व चेतना जागृत करने के लिए आज पूरी दुनिया में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जा रहा है। उक्त आशय के विचार सिविल लाइन स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के शुभकामना हाल में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर 70 वर्ष से अधिक आयु वाली ऐसी वृद्ध महिलाएं जो परिवार के साथ आध्यात्म और समाज की सेवा कर रही के सम्मान अवसर पर राजयोग केंद्र संचालिका बीके लक्ष्मी बहन ने व्यक्त किए है ।कार्यक्रम का शुभारंभ वयोवृद्ध सोशन ज्वेल, गौरा रैकवार, पुष्पलता पटेल, शिवदुलारी माता, लीला माता, रितु बजाज, अंजू बजाज, मितुलिया, सुखरानी, कमला माता, रजनी माता , कमलादेवी शर्मा का सम्मान रचना बहन, नीतू साहू, मीना चौधरी, रानी शर्मा, सविता बहन, सुमन बहन नेहा बहन द्वारा बिंदी लगाकर माला दुपट्टा पहनकर और ईश्वरीय सौगात भेटकर किया ।मौके पर मंगला नैय्यर, उमा केवट, तारा माता, राजेश्वरी पांडे, ज्ञानू पांडे का भी स्वागत किया।

## रात से सुबह तक चली पुलिस की गश्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



होली/रंगपंचमी, रमजान पर्व के दौरान अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए पुलिस अधीक्षक अभिजीत रंजन के मार्गदर्शन, एडिशनल एसपी संतोष डेहरिया के दिशा निर्देशन में जिले के चारों अनुभाग के डीएसपी के नेतृत्व में गत दरमियानी रात से सुबह तक वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों व थाना प्रभारियों के साथ पुलिस फोर्स ने सभी थाना क्षेत्रों में गुंडे बदमाशों असामाजिक तत्व पर निगरानी एवं धरपकड़ के लिए सरप्राइज चैकिंग व कॉम्बिंग गशत की गई।

इस दौरान कटनी पुलिस द्वारा गुंडे/बदमाशों व असामाजिक तत्वों की निगरानी करते हुए लगभग 183 बदमाशो को चेक करते हुए, उन पर उचित वैधानिक कार्यवाही की गई हैं जिसके अंतर्गत विभिन्न प्रकरणों में वांछित कुल 100 से ज्यादा वारंटों को कराया गया तामील, जिसमें लंबे समय से फरार 53 स्थाई वारंटी , 47-गिरफ्तारी वारंटी और जमानती वारंट भी किए तामील ।

अभियान के दौरान अवैध रूप से शराब विक्रय करने वाले एवं सार्वजनिक स्थान पर शराब का सेवन करने वालों के विरुद्ध 79 प्रकरण पंजीबद्ध कर बदमाशों/असामाजिक तत्वों पर की वैधानिक कार्यवाही।

जुआ खेलते पाये जाने पर जुआड़ियो के विरूद्ध 23 प्रकरण कायम किये गये। आदतन बदमाशों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए- 170 BNSS में -12 व 129 BNSS में – 44 , 126B/135(3) BNSS में -139, असामाजिक तत्वों पर की गई प्रतिबंधात्मक कार्यवाही/समंस तामील कराया।

**सोने की मोहरों के लालच में राजस्थान से कटनी पहुंचे थे दोनो युवक**

## पैसों के लेन देन को लेकर हुई थी दो युवकों से मारपीट, झूठी निकली लूट की कहानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



सोने की मोहरो की लालच में राजस्थान के सवाई माधोपुर से कटनी पहुंचे दो लोगों के साथ बायपास मार्ग पर चाकू से हमला व लूटपाट की घटना हुई। पहले तो उक्त दोनो व्यक्ति अपने साथ लूट होने की बात कहते रहे लेकिन जब पुलिस ने पूछताछ शुरू की तो वह सकपका गए और पूरा माजरा पुलिस को बताया। राजस्थान के सवाई माधोपुर निवासी हरिबाबू यादव एवं व रवीन्द्र सिंह नामक युवक चाका बायपास मार्ग पर चाकू से हमला कर लगभग 25 हजार रूपए की लूट का दावा किया था लेकिन जांच के दौरान यह पता चला कि पैसे के लेन देन को लेकर दोनों व्यक्तियों से मारपीट हुई थी अब पुलिस पुरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही हैं।

कोतवाली प्रभारी आशीष शर्मा ने जानकारी में बताया कि हरिबाबू यादव पिता जगन सिह यादव 53 साल निवासी सवई माधवपुर राजस्थान एवं रविन्द्र राजपूत की मुलाक़ात कुंभ मेला प्रयागराज मे मौनी अमावस्या के दिन कुछ पारधी लोग मिले थे जिनके द्वारा सोने की मोहर दिखाकर लालच दिया गया था। लोगो का आपस मे सोने के मोहर का लेन देन को लेकर मोबाइल पर आपस में बातचीत होने लगी थी. जिसके बाद युवक एक हफ्ते पहले सोने की मोहर लेने के लिये कटनी बायपास आए थे। जहाँ 8 हजार रूपये मूल्य की सोने के दो मोहर बिना पैसा दिए सवाई माधवपुर राजस्थान वापस चले गए थे, दोनों असली सोने की लालच में आकर दयोदय एक्सप्रेस से 08.03.25 को कटनी पहुंचें जहाँ अपने साथी रविन्द्र राजपूत के साथ कटनी मुडवारा स्टेशन से आटो बुक करके कटनी द्वारा बायपास गये जहाँ दो लोग मिले जिनसे सोने की मोहर को लेकर लेन देन की बात हुई और 10 हजार रूपये दिये गये मोबाइल नंबर पर ट्रान्सफर किये और 75,000/- रूपये नगद दिए। सोने के मोहर की मोलभाव व पैसे की लेनदेन को लेकर दोनों राजस्थानी युवकों और अज्ञात पारधीयों के बीच कहाँ सुनी के साथ मारपीट की घटना हुई जिसमे दोनों युवक घायल हों गए। मारपीट में दोनों युवकों को गंभीर चोटे आई हैं जिन्हे इलाज के लिए शासकीय जिला चिकित्सालय कटनी में भर्ती कराया गया है।

**ढीमरखेड़ा के कोठी में किसान प्रशिक्षण और अश्वगंधा खेत का विजिट कार्यक्रम**

## अश्वगंधा की खेती से किसानों की बढ़ती आय से आर्थिक स्थिति में सुधार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



मानव जीवन विकास समिति के कार्यक्रम समन्वयक रामकिशोर चौधरी द्वारा बताया गया कि ढीमरखेड़ा ब्लॉक में नाबार्ड की नानबाड़ी परियोजना के अंतर्गत 8 गांव में 100 किसानों के यहां 50 एकड़ में अश्वगंधा खेती का नवाचार किया गया है। इस फसल को मजबूती देने किसानों का आवश्यक प्रशिक्षण आयोजित किया गया है।

कार्यक्रम में औषधीय विशेषज्ञ डाक्टर शांति स्वरूप सारस्वत ने किसानों से अश्वगंधा फसल की वर्तमान स्थिति को जाना समझा इसके बाद फसल को मजबूती प्रदान करने जैविक खाद का छिड़काव, समय समय में पानी देना, फसल की निदाई करना आदि सभी जानकारी उपलब्ध कराई। इसके बाद फसल को कैसे कटाई करना है एवं बाजार में बेचने के लिए कैसे तैयार करना है वह भी बताया गया।

कार्यक्रम समापन के बाद सभी किसानों को अश्वगंधा फसल वाले किसान के खेत में ले जाया गया जहां पर अच्छी क्वालिटी वाले पौधों की पहचान कैसे करेंगे यह सभी जानकारी दी गई।

### अश्वगंधा खेत का विजिट

नीमच से आए औषधीय विशेषज्ञ डाक्टर शांति स्वरूप सारस्वत एवं डाबर इंडिया लिमिटेड से सुरेंद्र भगत, समिति कार्यकर्ता और किसान द्वारा अश्वगंधा फसल का अवलोकन किया गया।

कोठी गांव के 4 किसान कृष्णचंद सिंह, विसर्धन सिंह, श्रीलाल सिंह, राम मिलन सिंह और सगौना गांव के 3 किसान लौह सिंह, नरेश सिंह, अर्जुन सिंह के खेत में विजिट किया गया। अश्वगंधा की खेती एक नवाचार है लेकिन बहुत बढ़िया फसल है उत्पादन भी अच्छी होने की संभावना है।

### जानकारी और सुझाव

कृषि क्षेत्र में अश्वगंधा की खेती किसानों के लिए कम लागत वाली अधिक मुनाफे की फसल है।

अश्वगंधा की खेती रवि और खरीफ दोनों सीजन में की जा सकती है। इसकी खेती ढलान वाली जमीन में किया जाता है जहां पानी का भराव नहीं हो तथा खेत की गहरी जुताई के बाद फसल की बोनी कर सकते हैं। अश्वगंधा की जड़, तना, और बीज को बेचा जा सकता है।

कृषकों को समय-समय पर अश्वगंधा की खेती हेतु लगातार तकनीकी मार्गदर्शन भी दिया जा रहा है। अश्वगंधा की खेती बुवाई के 140 से 160 दिनों में तैयार हो जाती है.

यदि फसल अच्छी होती है तो 1 एकड़ में 4 से 5 क्विंटल का उत्पादन होगा। अश्वगंधा फसल से प्रति एकड़ 50 से 60 हजार की आमदनी कमाई जा सकती है।

### अश्वगंधा के स्वास्थ्य लाभ

तनाव में कमी अश्वगंधा तनाव के स्तर को कम करने में महत्वपूर्ण प्रभाव डालता है। चिंता से राहत अश्वगंधा चिंता को कम करने में सहायक है। नींद की गुणवत्ता में सुधार अश्वगंधा ने अश्वगंधा अर्क लेने वाले लोगों में नींद की दक्षता, कुल नींद के समय और नींद की विलंबता में सुधार दिखाया है।

अश्वगंधा चिंता और तनाव की समस्याओं से छुटकारा पाने में मददगार है.

अश्वगंधा का इस्तेमाल आंखों की रोशनी, गले के रोग, टीवी रोग, छाती दर्द, पेट की समस्या-कमज़ोरी को दूर करने में किया जाता है।

## जिले की सभी पंचायतों में हुई महिला सभाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर जिले की समस्त ग्राम पंचायतों में महिला सभाओं का आयोजन उत्साह और ऊर्जा से लबालब महिलाओं की मौजूदगी में संपन्न हुआ। जिला पंचायत सीईओ के निर्देशानुसार जनपद पंचायत बहोरीबंद की ग्राम पंचायत तेवरी में आदर्श महिला हितैषी, महिला सभा का आयोजन ग्रामीण महिलाओं, स्थानीय जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, ग्रामीण जनों, एवं अधिकारियों कर्मचारियों की मौजूदगी में आयोजित हुआ।

महिला सभाओं में महिला सशक्तिकरण, विविध क्षेत्रों में स्वावलंबन और आर्थिक समृद्धि की इबारत लिख रही महिलाओं का शाल,श्रीफल, साड़ी और पुष्प गुच्छों से सम्मान किया गया। यह जग जाहिर है कि महिलाएं हर क्षेत्र में बढ़-चढ़कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते हुए सफलता के नए आयाम स्थापित कर रही हैं। संस्कार और संस्कृति को पीढ़ी दर पीढ़ी उन्नत करने में महिलाओं की अहम भूमिका होती है। महिलाएं अपनी जिम्मेदारियां का कुशलता पूर्वक निर्वहन कर अपनी सशक्त भूमिका निभाते हुए अपने गांव,शहर,जिले, प्रदेश और देश का नाम रोशन कर रही हैं। आयोजित महिला सभा में महिला सशक्तिकरण और महिला हितैषी मुद्दों पर विस्तार से चिंतन एवं मंथन हुआ। ग्राम पंचायत तेवरी में आयोजित महिला सभा की अध्यक्षता ग्राम पंचायत की सरपंच सुश्री काजल रजक ने की। महिला सभा में उपसरपंच सुशील कुशवाहा, जनपद सदस्य कमलेश कुमार जैन,ग्राम सभा के नोडल अधिकारी आर के चतुर्वेदी प्रभारी एसएडीओ बहोरीबंद आदि की उपस्थिति रही। प्रशिक्षण सह कार्यशाला कार्य शाला का आयोजन किया गया जिसमे शिक्षा, चिकित्सा, पशु, महिला एवं बाल विकास के अधिकारी एवं जिला पंचायत से राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान से जिला कार्यक्रम प्रबंधक पंकज कुमार नामदेव आदि उपस्थित रहीं।

**खबर संक्षेप**

### तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा विशेष कार्यक्रम आयोजित

पन्ना

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय, पन्ना की ओर से अमानगंज में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सभी महिलाओं का सम्मान किया गया। इस अवसर पर बहनजी ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि महिला दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य मातृत्व गुणों को जागृत करना है, क्योंकि नारी शक्ति समाज के संतुलन और सशक्तिकरण की प्रतीक है। उन्होंने कहा कि जितनी सशक्त महिलाएं होंगी, उतना ही परिवार और समाज भी सशक्त होगा। इस दिशा में आध्यात्मिक शक्ति एक सहज और प्रभावी माध्यम है। उन्होंने स्पष्ट किया कि आध्यात्मिकता कोई बाहरी तत्व नहीं, बल्कि हम स्वयं ही एक आध्यात्मिक शक्ति हैं। स्वयं को जानना ही आध्यात्मिकता है, और आत्मा की शुद्धता ही आध्यात्मिक मूल्यों का संचार करती है। आध्यात्मिकता वह ऊर्जा है जो व्यक्ति में परिवर्तन की शक्ति जागृत करती है। मूल्यनिष्ठ समाज के निर्माण में महिलाओं का योगदानष विषय पर विचार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि आज हर क्षेत्र में भौतिक विकास तेजी से हो रहा है, लेकिन नैतिक मूल्यों और आध्यात्मिकता की कमी के कारण संपूर्ण सफलता प्राप्त नहीं हो पा रही है।

हम सभी पूरी तरह से प्रतिबद्ध है कि न केवल दमोह मंडी, बल्की सभी मंडी व्यवस्थित रूप से चले-कलेक्टर

# मंडी प्रांगण में चलाया गया स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह




सामाजिक एवं स्वैच्छिक संस्थाओं के सहयोग से चलने वाले 37 वे साप्ताहिक स्वच्छता अभियान के अंतर्गत कृषि उपज मंडी सागर नाका दमोह में स्वच्छता हेतु श्रमदान किया गया। उक्त स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठन/विभिन्न क्षेत्र में कार्यरत सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सहभागिता निभाई। इस दौरान कलेक्टर श्री कोचर ने मंडी परिसर में व्यवस्थाओं का जायजा लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा सफाई अभियान के अंतर्गत 37 वा सप्ताह मंडी प्रांगण में आयोजित किया गया, जिसमें सभी सफाई वॉलिंटियर्स ने भाग लिया। साथ में मंडी परिसर का भ्रमण भी किया गया जिसमें सभी संगठनों के पदाधिकारी, मंडी प्रशासन के अधिकार-कर्मचारीगण, सभी लोग यहां उपस्थित थे और सभी चीजों का ज्याजा लिया गया, लगभग 15-16 बाते निकली है जिन पर काम किया जाना है, कल से इस पर काम शुरू कर देंगे, अगले एक-दो महीने में चीजे बदली हुई दिखाई देंगी। हम सभी पूरी तरह से प्रतिबद्ध है कि न केवल यह वाली मंडी, बल्की सभी मंडी वास्तविक रूप से चले, इसके लिए 17 तारीख से पहले एक बैठक आयोजित कर रहे हैं जिसमें सभी मंडियों के प्रशासक और सचिव उसमें हिस्सेदारी करें और जहां जरूरत होगी भोपाल बात करके प्रस्तावों को स्वीकृत करने के लिए काम किया जायेगा।

नरेंद्र बजाज ने कहा आज मंडी प्रांगण में स्वच्छता का कार्यक्रम रखा गया था, मंडी में कुछ समस्याएं थी उससे कलेक्टर श्री कोचर को अवगत कराया गया है। यहां पर समय-समय पर जो चोरियां और अवस्थाएं हो रही हैं इसके बारे में चर्चा की गई हैं। कलेक्टर श्री कोचर ने आश्वासन दिया है 17 तारीख को इन सभी समस्याओं पर चर्चा करेंगे, यह सभी समस्याएं जल्द से जल्द सामान्य होगी।

हरिश्चंद्र पटेल ने कहा स्वच्छ भारत अभियान के तहत कृषि उपज मंडी दमोह में स्वच्छता अभियान का 37 वा सप्ताह आयोजित किया गया, जिसमें सभी सामाजिक संगठनों, मंडी प्रशासन, पुलिस प्रशासन और सभी समाज के सदस्य और किसान संगठनों ने सफाई की है। कृषि उपज मंडी में जो छोटी-छोटी समस्याएं थी उनका ध्यान भी कलेक्टर सर को आकर्षित कराया गया है, उन्होंने पूरे पॉइंट लिखकर आश्वासन दिया है कि लगभग दो माह में सभी समस्याओं को हल करेंगे। कृषि उपज मंडी दमोह में पदस्थ चरण दास गुरु ने कहा आज स्वच्छता अभियान के तहत 37 वे सप्ताह में कृषि उपज मंडी परिसर में कलेक्टर श्री सुधीर कुमार कोचर के मार्गदर्शन में सामाजिक संगठनों की भागीदारी से सफाई अभियान चलाकर पूरे प्रांगण में साफ सफाई की गई। रामेश्वर चौधरी ने कहां कलेक्टर सर मंडी परिसर में आए थे यहां पर सफाई अभियान चलाया गया और जो मंडी में अव्यवस्थाए थी उनको देखा गया। उन्होंने आश्वासन दिया है मंडी में असामाजिक तत्वों का आना बंद कराएंगे।

## समाजसेवियों ने हठीले हनुमान मंदिर परिसर में की गई साफ सफाई



**हटा।** नगर के गौरीशंकर मुक्तिधाम में विगत वर्षो से प्रत्येक रविवार को समाजसेवियों द्वारा लगातार श्रमदान कर मुक्तिधाम की तस्वीर बदल दी। इसी श्रृंखला में नगर के समीपस्थ ग्राम मानपुरा स्थित श्री हठीले हनुमान मंदिर परिसर में रविवार की सुबह मुक्तिधाम समाजसेवियों ने ग्रामवासियों की मदद से मंदिर परिसर में श्रमदान कर परिसर की साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। तीन घंटे चले श्रमदान में गांव के छोटे छोटे बच्चों का भी काफी सहयोग मिला। चंपी चौरसिया ने ग्रामीणों को बताया कि हम जैसा घर में साफ स्वच्छ रखते हैं वैसा ही हम आज शपथ लेते हैं की मंदिर परिसर मैं कभी गंदगी नहीं फैलाएंगे और न ही किसी को फैलाने देंगे। मंदिर के पुजारी ने सभी समाजसेवियों को साधुवाद देते हुए कहा कि आप लोगों का श्रमदान देखकर हमें बहुत अच्छा लगा आप लोगों के सहयोग से हठीले हनुमान मंदिर परिसर को साफ स्वच्छ किया गया। श्रमदान करने वाले समाज सेवायों में राजाराम गोस्वामी, अशोक चंपी चौरसिया, पुष्पेंद्र पांडे, सुरेंद्र पांडे, कामता तंतुवाय, राजकिशोर, सुरेंद्र, आशीष, प्रिंस, प्रतीक्षा, प्रज्ञा सहित ग्रामीणजन मौजूद रहे।

## सखा भाव से कृष्ण की प्राप्ति की जा सकती है: पं आशीष शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार



बगलवारा (सगरा ) में चल रही संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के अंतिम दिवस उद्धव बृजगमन के साथ गोपियों के विरह की मार्मिक कथा के माध्यम से कृष्ण प्राप्ति की कथा को बड़े ही सरस वाणी के माध्यम से कथा व्यास पंडित आशीष कृष्ण शास्त्री ने सुनाया किस प्रकार बृहस्पति के शिष्य यादव पति उद्धव जी को अपने ज्ञान का अहंकार था तब भगवान ने उन्हें वृंदावन गोपियों के पास भेजा और उनके अहंकार को नष्ट कराया ।गोपियों ने कहा हे उद्धव प्रेम विषय वासनाओं का विषय नहीं है। मन इंद्रियों के साथ प्रेमी पर संपूर्ण समर्पणता ही सही मायने में प्रेम है प्रेम जताने और बताने का विषय भी नहीं है प्रेम तो महसूस करने का विषय है उद्धव, कथा विश्राम के अंतिम दिवस में किस प्रकार से श्री सुदामा जी को परमात्मा ने तीन मुट्ठी चांवल के बदले तीनों लोकों का अधिपति बना दिया मित्रता में अहंकार नहीं होना चाहिए भगवान कृष्ण को सोने की द्वारिका में रहते हुए भी किंचित मात्र अहंकार नहीं है। उन्होंने अपने तीन हैं मित्र सुदामा को हदय से लगाकर यह संसार को बता दिया की मित्रता निस्वार्थ भाव से होती है। जहां उच नीच की परिभाषा नहीं होती सच्चा मित्र प्रतिक्षण अपने मित्र की विपरीत परिस्थितियों में उसका साथ नहीं छोड़ता और यही कारण है कि भगवान ने बिना बताए ही सुदामा जी को एक क्षण में ही तीनों लोगों का स्वामी बना दिया। आगे महाराज यदु को किस प्रकार से दत्तात्रेय जी ने 24 गुरुओं के बारे में वर्णन करते हुए कहा की अंतिम मेरा 24 मा गुरु स्वयं मेरा शरीर है जो आज है कल वह नहीं रहेगा जिस प्रकार यह स्थूल शरीर कभी बालक युवा और वृद्धि होकर के एक दिन मृत्यु को प्राप्त हो जाता है इससे सीख मिलती है कि यह संसार भी परिवर्तनशील है। अतः प्रकृति के आधार पर मनुष्य को परिवर्तन करते रहना चाहिए।अंत में परीक्षित मोक्ष की कथा को सुनाकर फूलों की होली के साथ कथा का समापन हुआ। जिसमें पंडित गोविंद तिवारी भोले महाराज राधे महाराज के साथ यजमान कल्लू सिंह राजेश सिंह तखत सिंह महेश सिंह एवं आसपास के गांव से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही।

## महिला दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**पथरिया।** जन अभियान परिषद नवांकुर संस्था अमरदीप जन जागरण विकास समिति सूखा विकासखंड पथरिया सेक्टर किन्द्रहों द्वारा 8 मार्च शनिवार को ग्राम पंचायत भवन किन्द्रहों में विश्व महिला दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें सरपंच श्रीमती उमा बाई लोधी,महिला बाल विकास सुपरवाइजर श्रीमती राधा पाली व ग्रामवासियों छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के अंतर्गत महिलाओं का सम्मान किया तथा शासन द्वारा चलाई जा रही महिला सशक्तिकरण की योजनाओं के बारे मे विस्तार से समझाया गया।

# अग्रवाल महिला मिलन समिति ने मनाया महिला दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

अग्रवाल महिला मिलन समिति दमोह द्वारा महिला दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन अग्रवाल धर्मशाला अग्रसेन चौक में किया गया। जिसमें सर्वप्रथम महाराजा अग्रसेन का पूजन अर्चन अग्रवाल समाज के अध्यक्ष रवि अग्रवाल, राधा बहू मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष जीवनलाल, महिला मिलन समिति की अध्यक्ष श्रीमती कंचन, महिला मिलन पदाधिकारी उपाध्यक्ष श्रीमती सीमा, सचिव श्रीमती वीणा, सह सचिव श्रीमती रचना, कोषाध्यक्ष श्रीमती सपना, सांस्कृतिक सचिव श्रीमती रश्मि, मीडिया प्रभारी श्रीमती सपना/मनोज, महिला मिलन पूर्व अध्यक्ष श्रीमती प्रमिला, श्रीमती कुसुम, श्रीमती अनिता, श्रीमती रमा, श्रीमती संगीता, श्रीमती मंजू, श्रीमती तारामणि व बड़ी संख्या में महिला मिलन एवं महिला महासभा की बहनों द्वारा किया गया। पढ़े लिखे व उच्च पदों पर आसीन महिलाओं का सम्मान तो समाज के हर मंच से किया जाता हैं पर एकल संघर्षशील महिलाओं का सम्मान कही नही किया जाता इसलिए महिला मिलन समिति द्वारा प्रतिवर्ष इन महिलाओं का सम्मान किया जाता रहा है। इसी क्रम में इस वर्ष श्रीमती अनिता स्व.बिहारीलाल अग्रवाल व श्रीमती सरिता स्व. शरद अग्रवाल का शाल व श्रीफल से सम्मान कियागया। समाज की इन महिलाओं ने अकेले ही जीवन की सभी परेशानियों का सामना करते हुए अपने बच्चों का भविष्य उज्जवल किया। सम्मान की बेला में आगे अग्रवाल महिला महासभा, पूर्व महिला मिलन अध्यक्षो व तरुण मंच के पदाधिकारियों का सम्मान महिला मिलन समिति द्वारा श्रीफल से किया गया। पंच वल्टी गेम वीणा व सपनाजी द्वारा किया गया जिसमे प्रथम श्रीमती प्रमिला व द्वितीय श्रीमती बबिता जी रही। मेरी प्रेरणा स्त्रोत महिला विषय पर अग्रवाल समाज के अध्यक्ष रवि शंकर, महिला मिलन की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती अनिता, श्रीमती गायत्री एवं माननीय डॉ जया पसारी ने विचार व्यक्त किये। महिलाओं के मनोरंजन के लिए सरप्राइज गेम का आयोजन श्रीमती सीमा व सपना/मनोज द्वारा उसी गेम में अक्षय /व मनीष अग्रवाल ने कैसियो में गाना बजाया जिसे महिलाओं द्वारा पहचान कर गाना गाया गया, सभी महिलाओं ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया व बहुत से इनाम जीते। मनोरंजन की कड़ी को आगे बढ़ाते हुए एक और मज़ेदार गेम श्रीमती रचना व श्रीमती रश्मि द्वारा आयोजित किया गया। जिसमे प्रथम श्रीमती रिद्धि व द्वितीय श्रीमती अभिलाषा (ऋतु) रही। कार्यक्रम का संचालन सांस्कृतिक सचिव श्रीमती रश्मि द्वारा किया गया। फिर सभी महिलाओं ने होली के शुभ अवसर पर गाने की धुन में जमकर फूलो की होली खेली व गानो पर थिरकती नज़र आयी। कार्यक्रम के समापन में महिला मिलन अध्यक्ष श्रीमती कंचन द्वारा सबका आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में अग्रवाल समाज की सभी महिलाओं ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया व आयोजन को सफल बनाया।

## व्याख्यान समारोह एवं भाषण प्रतियोगिता संपन्न



**दमोह।** शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय दमोह में महिला दिवस के अवसर पर व्याख्यान समारोह एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। व्याख्यान समारोह में मुख्य अतिथि प्रोफेसर रश्मि गोयल उपस्थित रही। भाषण प्रतियोगिता में महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने भाग लिया जिसमें सिविल विभाग के द्वितीय वर्ष की छात्रा श्रेया ओमरे का प्रथम स्थान रहा। उक्त कार्यक्रम में संस्था प्राचार्य टी के श्रीवास्तव, वरिष्ट व्याख्याता लता त्रिपाठी, अमित जैन, कार्यक्रम समन्वयक रोहित यादव सहित समस्त अधिकारी कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## जन शिक्षण संस्थान द्वारा विश्व महिला दिवस मनाया



**दमोह।** जन शिक्षण संस्थान द्वारा विश्व महिला दिवस स्थान फुटेरा वार्ड में संस्थान के ट्रेनिंग सेंटर पर मनाया गया। जिसमें संस्था की ओर से संस्थान के निर्देशक गिरिश तिवारी, प्रोग्राम आफीसर गोपाल दुबे, विशाल राजपूत, बबली गुप्ता, दीपा पटैल, निखिल जाटव, हर्ष सोनी ने भाग लिया। संस्थान के निर्देशक गिरीश तिवारी द्वारा महिलाओं को कौशल विकास से जुड़कर होने वाले लाभ के साथ साथ स्वरोजगार शिक्षा की महत्वता पर चर्चा की गई। संस्थान की ओर से महिलाओं को पुष्प एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। महिलाओ को जागरुक बनने और शिक्षित होने की दिशा में कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया।

### देवेंद्रनगर में श्रीमद् महाशिवपुराण कथा का समापन, विशाल भंडारा आयोजित

**पन्ना।** 1 मार्च से प्रारंभ हुई श्रीमद् महाशिवपुराण कथा का आज भंडारे के साथ समापन हुआ। इस कथा का आयोजन साकेत गौशाला, सागर से पधारे बृजेश जी महाराज द्वारा किया गया, जो राष्ट्रीय कथा प्रवक्ता भी हैं। 1 तारीख से लेकर 7 तारीख तक श्रोताओं को गहन उपदेश दिया गया। 6 मार्च को शिवालय में हनुमान जी और माता रानी की प्राण प्रतिष्ठा के लिए कलश यात्रा निकाली गई थी, और तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम पांच ब्राह्मणों के साथ चल रहा था। आज 8 मार्च को प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम का भंडारा और हवन एक साथ आयोजित किया गया।

## महिला पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों का किया सम्मान



**दमोह।** जिले में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप मिश्रा द्वारा महिला अधिकारियों और कर्मचारियों का विशेष सम्मान किया गया। इस दौरान उन्हें उपहार भेंट किए गए और उनके उत्कृष्ट कार्यों की सराहना की गई। महिला पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। पुलिस अधीक्षक महोदय ने महिलाओं की भूमिका एवं उनके योगदान पर प्रकाश डाला और उन्हें और अधिक निडर होकर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। जिसमें महिला पुलिसकर्मियों ने अपने अनुभव साझा किए और कार्यक्षेत्र में आने वाली चुनौतियों पर चर्चा की। महिला कर्मियों की सुरक्षा और उनके स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इस अवसर पर पुलिस विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण भी उपस्थित रहे और सभी ने महिलाओं के योगदान की सराहना की। इस तरह के आयोजन महिलाओं के आत्मविश्वास को बढ़ाने और उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए बेहद महत्वपूर्ण होते हैं। दमोह पुलिस विभाग द्वारा यह प्रयास महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक सकारात्मक कदम है।

### नेशनल लोक अदालत का आयोजन

**पथरिया।** माननीय आनंद कुमार तिवारी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश दमोह के निर्देशानुसार एवं ज्ञानेंद्र कुमार शुक्ला सिविल जज वरिष्ठ खंड एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह के मार्गदर्शन में श्रीमान राजेंद्र बर्मन न्यायिक मजिस्ट्रेट पथरिया द्वारा 8 मार्च 2025 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। उक्त नेशनल लोक अदालत में एन आई एक्ट के 02 एवं 17 दाडिक एवं 02 एमजेसी प्रकरणों का पक्षकारों की सहमति के आधार पर राजीनामा के माध्यम से निराकरण किया गया तथा प्रीलिटिगेशन प्रकरणों का भी निराकरण किया गया जिसमें बैंक एवं नगर पालिका के कुल 37 प्रकरण निराकृत हुए जिसमें 2 लाख की वसूली की गई। उक्त नेशनल लोक अदालत में समस्त अधिवक्ता संघ का पूर्ण सहयोग रहा।

## नरवाई में आग लगाने की घटनाओं पर प्रतिबंधात्मक आदेश

कलेक्टर श्री सुधीर कुमार कोचर ने नरवाई प्रबंधन पर और नरवाई में आग लगाने की घटनाओं पर प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। इस संबंध में उप संचालक कृषि दमोह जे.एल. प्रजापति ने किसान भाईयों से कहा वर्तमान में रबी की फसलें लगभग पकने की ओर अग्रसर हैं और चना, मसूर की कटाई भी शुरू हो गई है। गेहूं की फसल लगभग एक सप्ताह में पकने वाली है। किसान बंधु ज्यादातर कंबाइन हार्वेस्टर से गेहूं की फसल कटाते हैं, फसल कटने के बाद नरवाई में आग लगा देते हैं। श्री प्रजापति ने किसान बंधुओं से आग्रह करते हुये कहा नरवाई ना जलाये, क्योंकि नरवाई जलाने से बहुत सारे कुप्रभाव देखने को मिल रहे हैं, जिससे हमारी जमीन की उर्वरा शक्ति भी खराब हो जाती है। हमारे जमीन में जो उपस्थित सूक्ष्मजीव हैं, वो भी नष्ट हो जाते हैं और केंचुआ जैसे हमारे जो मित्र कीट हैं, वो भी जलकर नष्ट हो जाते हैं, जिससे हमारी जमीन बंजर हो जाती हैं। किसान बंधु नरवाई ना जलाते हुए नरवाई प्रबंधन के जो अन्य तरीके हैं, जैसे स्ट्रा रीपर से आप भूसा बनवा सकते हैं और यह अनिवार्य भी है। श्री प्रजापतिन ने बताया कलेक्टर सर द्वारा निर्देश दिये गये हैं कि जो भी कंबाइंड हार्वेस्टर हमारे जिले में चलेंगे, उनमें स्ट्रा मनेजमेंट सिस्टम या स्ट्रा रिपर होना आवश्यक है, बिना उसके दमोह जिले में कोई भी हार्वेस्टर नहीं चलेगा। किसान बंधुओं को अपनी तरफ से एक मुहिम चलाना चाहिए कि हम बिना स्ट्रा रिपर के या कंबाइंड हार्वेस्टर में बिना स्ट्रा मेंनेजमेंट सिस्टम के कटाई नहीं कराएंगे। उससे किसान भाईयों को अतिरिक्त लाभ भी प्राप्त होगा। क्योंकि आप भूसा प्राप्त कर सकते हैं और इसमें किसान यदि आग जलाते हैं तो उसमें दंडात्मक कार्रवाई भी किसानों के विरूद्ध की जा सकती है। इस संबंध में एक समिति भी जिला कलेक्टर श्री कोचर ने गठित कर दी है और यदि हार्वेस्टर संचालक बिना स्ट्रा मेंनेजमेंट सिस्टम और बिना स्ट्रा रिपर के हार्वेस्टर चलाते हैं तो उन पर भी दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। इसलिए सभी किसानो से आग्रह है कि आग बिलकुल भी ना जलाये। सहायक संचालक कृषि दमोह एस.एल. कुर्मी ने सभी किसान भाईयों से आग्रह करते हुये कहा गेहूं फसल की कटाई के बाद खेतों में जो नरवाई बचेगी, उसको जलाने से मिट्टी में जो लाभकारी जीव होते हैं, वह नष्ट हो जाते हैं, और हमारी भूमि भी बंजर की तरफ बढ़ती है, इसलिए सभी किसान भाइयों से आग्रह है कि नरवाई का प्रबंध करें। खेत की उर्वरता कम होने के कारण हर वर्ष ज्यादा खाद डालना पड़ता है, इससे मिट्टी की गुणवत्ता खराब होती है, हमारा स्वास्थ्य खराब होता है, इसलिए बहुत सारे साधन है, नरवाई प्रबंधन के लिए, उनका उपयोग करते हुए हम अपनी खेती और स्वास्थ्य सुरक्षित रख सकेंगे। भारतीय किसान संघ संभागीय मंत्री हेमंत पटेल ने सभी किसान भाइयों से आग्रह करते हुये कहा नरवाई ना जलाएं क्योंकि उससे वायु प्रदूषण होता है, और जमीन में कड़ापन आता है। जो किसान अपना हार्वेस्टर चलाते हैं उसमें रीपर चलाएं, भूसा बनाएं, भूसा बेंचे और भूसा गौशाला को भी दें, जो अपने गांव में आवारा पशु है, उनको भी खिलाएं और इससे पुण्य लाभ होगा। सभी से आग्रह है की नरवाई ना जलाएं, आवारा पशु खेत में जाकर नरवाई को खाते हैं, उससे भी पशुओं का भरण पोषण होता है। हरिश्चंद्र पटेल ने कहा मेरे पास किसान मोर्चा का जिलाअध्यक्ष पद का दायित्व है, सभी किसानों से आग्रह है कि आने वाले समय में गेहूं की कटाई होगी, उसके पश्चात जो नरवाई बचती है उसमें आग ना लगाये, आग लगाने से आपकी जमीन खराब होगी, अगले साल आपको उत्पादन नहीं मिलेगा और जमीन बंजारता की ओर बढ़ जाएगी। मध्य प्रदेश शासन ने कुछ निर्देश भी जारी किए हैं अगर कोई किसान नरवाई जलते हुए पकड़ा गया और उसके खेत में आग लगी पाई गई तो हो सकता है उस किसान पर कानूनी कार्रवाई भी हो। किसान भाइयों से आग्रह है कि अगर कोई नरवाई जला भी रहा है तो उसे भी रोके और नरवाई बिल्कुल भी ना जलाएं, नरवाई प्रबंधन के लिये कृषि विभाग की योजनाओं के तहत जो यंत्र आ गए हैं, उन यंत्रों के माध्यम से नरवाई का भूसा बना लें, भूसा की भी कीमत बाजारों में अच्छी मिलने लगी है। साथ ही पशुओं के लिए भूसा की आवश्यकता पूरी हो जाएगी क्योंकि आज के समय में नरवाई में आग लग जाती है, तो हमारे पशुओं को के लिए भूसा की कमी आ रही है। उन्होंने कहा इस प्रबंधन में आपको कोई असुविधा जा रही हो तो कृषि विज्ञान केंद्र में संपर्क करें, हम लोगों से संपर्क करें हम आपका प्रबंधन करने में पूरा सहयोग करेंगे।

## पलायन के बाद वापस लौटी गर्भवती महिलाएं



**दमोह।** विकासखंड हिंडोरिया, बटियागढ़, पथरिया में सेक्टर मीटिंग आयोजित की गई। हिंडोरिया के पालर में आयोजित सेक्टर मीटिंग में सीबीएमओ डॉक्टर अमित मिश्रा पहुंचे। उन्होंने मीटिंग दौरान बैठक में मौजूद सीएचओए आशा सहयोगी, आशा कार्यकर्ता को निर्देश दिए की होली के त्योहार पर पलायन से वापस अपने घर आने वाले लोगों पर नजर रखे। गर्भवती महिलाओं को एवं 05 साल तक के बच्चों को स्वास्थ्य सेवा प्रदान करें। गर्भवती महिलाओं को 10 तारीख में आयोजित प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व कार्यक्रम के अंतर्गत स्त्री रोग विशेषज्ञ से जांच कराना सुनिश्चित किया जाए। बैठक में सेक्टर सुपरवाइजर भारती मिश्रा सहित आशा सहयोगी आशा कार्यकर्ता मौजूद रहे। इसी प्रकार पथरिया के सदगुवा, नरसिंहगढ़ एवं बटियागढ़ के फतेहपुर, खड़ेरी सेक्टर में सुपरवाइजर द्वारा स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं की सेक्टर बैठक लेकर प्रथम तिमाही में पंजीयन, गर्भावस्था दौरान पंजीयन, निरोगी काया अभियान तथा दस्तक अभियान के तहत सभी बच्चों को विटामिन ए पिलाने एवं पिछले दस्तक अभियान दौरान चिन्हित एनिमिक बच्चों में दोबारा एनीमिया की जांच कराने पर चर्चा की गई।

## श्रीकृष्ण-रुक्मणी विवाह में भक्तों ने पखारे पैर



**बनवार।** जंप जबेरा के ग्राम गूढ़ा में श्री राम जानकी मंदिर प्रांगण में चल रही संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा में पंडित रामदास मिश्रा ने साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ में रुक्मिणी विवाह का अनुपम वर्णन किया। रूक्मणी विदर्भ के राजा भीष्मक की पुत्री थी। रुक्मिणी अपनी बुद्धिमता, सौंदर्य और न्यायप्रिय व्यवहार के लिए प्रसिद्ध थीं। इस अवसर पर सजाई गई विवाह की झांकी लोगों के लिये आकषर्ण का केंद्र रही। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भगवान के पांव पखारे और खुशहाली व संपन्नता का वर मांगा। कथा में कथा व्यास पंडित रामदास मिश्रा ने कहा, रुकमणी ने श्रीकृष्ण को मन ही मन अपना स्वामी मान लिया था। इसी कारण से उन्होंने परिवार के लोगों द्वारा दिए गए विवाह के प्रस्तावों को ठुकरा दिया था और अंतिम समय सहायता के लिये श्रीकृष्ण को पुकारा। भगवान की कथा के दौरान ही विवाह की झांकी को भी आकर्षक रूप से सजाया गया था। एक ओर जहां पंडाल भगवान के जयकारों से गूंज रहा था वहीं दूसरी ओर सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु भगवान श्रीकृष्ण और रुकमणि के पांच पखार रहे थे।

## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक 10 मार्च को

**दमोह।** आगामी पर्व होली, रंगपंचमी, ईद-उल-फितर, गुड़ी परवा, चैती चांद, चैत्र नवरात्रि, रामनवमी, महावीर जयंती, वैशाखी आदि पर कानून व्यवस्था के संबंध में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक 10 मार्च 2025 को शाम 05 बजे से कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी मीना मसराम ने समस्त संबंधित अधिकारियों से उक्त बैठक में उपस्थित होने के लिये कहा है।

### क्लिंकर से भरा ट्रक नदी में गिरा

**दमोह।** रविवार को दिनांक को नरसिंहगढ़ के पास सुनार नदी पुल पर इमलाई से झांसी जा रहे क्लिंकर से भरा ट्रक अज्ञात वाहन की टक्कर से नदी में गिर गया था। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से ट्रक चालक एवं परिचालक को सुरक्षित निकाल लिया गया है।

### इंटर्नशिप ज्वाइनिंग प्रमाण पत्र किए वितरित

**दमोह।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम अंतर्गत बीएसडब्लू एवं एमएसडब्लू की छात्र छात्राओं को इंटर्नशिप करने का अवसर प्रदान किया गया । कलेक्टर सुधीर कोचर के निर्देशन में जिले में कार्य कर रहे डेवलपमेंट पार्टनर्स द्वारा एमएसडब्ल्यू एवं बीएसडब्ल्यू के छात्रों को इंटर्नशिप कराई जा रही है। आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पिरामल फाउंडेशन के द्वारा इंटर्नशिप हेतु छात्रों को ऑफर लेटर दिए गए। डेवलपमेंट पार्टनर्स द्वारा 45 दिन की इंटर्नशिप कराई जा रही है, इंटर्नशिप के माध्यम से छात्रों के अंदर व्यावहारिक अनुभव के साथ-साथ कुछ नया सीखने भी मिलेगा। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल, अध्यक्ष जनपद पंचायत दमोह प्रीति ठाकुर, जनपद पंचायत सदस्य पथरिया संगीता श्रीधर एवं पिरामल फाउंडेशन की मैनेजर गुंजन शर्मा, जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक सुशील नामदेव की उपस्थिति में इंटर्नशिप ज्वाइनिंग प्रमाण पत्र छात्राओं को प्रदान किए गए। यह प्रमाण पत्र पाकर छात्राओं में नई ऊर्जा का संचार हुआ और उन्होंने इसे अपने करियर के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर बताया। यह इंटर्नशिप छात्राओं को विकास क्षेत्र में व्यावहारिक ज्ञान और अनुभव प्राप्त करने का अवसर देगी, जिससे वे भविष्य में समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकेंगी।

चार से पांच सौ रुपए ले रहे मजदूरी, किसान हार्वेस्टर से फसलें कटवाने मजबूर

# फसलों की कटाई में जुटे किसानों के लिए नहीं मिल रहे मजदूर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

अंचल में रवी सीजन की प्रमुख फसलें गेहूं, चना सरसों की फसलों की कटाई में किसान दिन रात जुटे हुए है। फसल कटाई को लेकर किसानों को महंगाई की मार भी झेलना पड़ रही है। फसलों की कटाई को लेकर क्षेत्र में मजदूरों की कमी होने से समय पर मजदूर नही मिलते हैं जिस कारण किसानों को दूसरे जिलों से मजदूरों को लेकर आना पड़ रहा है। वही उनकी रहने, खाने की व्यवस्था खुद किसानो को ही करना पड़ती है।

### पांच सौ रुपए प्रति मजदूरी से हो रही कटाई

हटा क्षेत्र में रवि सीजन की मुख्य फसल गेहूं, चना, सरसों पककर तैयार हो गई जिससे किसान अपने खेतों में फसलों की कटाई में जुटे हुए है। वहीं किसानों को महंगाई की मार झेलना पड़ रही हैं। क्षेत्र में बढ़ती मजदूरों की कमी है। वही बाहर से मजदूरी को लेकर फसल कटाई से 15 दिन पहले ही मजदूरों को लेकर आना पड़ता है। उनके रहने, खाने की व्यवस्था खुद किसानों को करना पड़ता है। उन मजदूरों को 400 से 500 प्रति उनकी मजदूरी देकर फसलों की कटाई कराई जा रही है। वही उन्नत किसान मजदूरों की कमी के चलते हार्वेस्टर से फसल की कटाई करवा रहे है। क्षेत्र के किसानों ने बताया कि गांव के मजदूर प्रदेश से बाहर पलायन कर गए हैं जिससे फसलों की कटाई हेतु मजदूर नहीं मिलते। वही बढ़ती महंगाई से 400 से 500 तक प्रति मजदूरी हो गई। फिर भी समय पर मजदूर नहीं मिल पाते दूसरे जिलों में भी मजदूरों को लेने के लिए गए लेकिन वहां पर भी मजदूरों की कमी होने के कारण मजबूरन मशीनों से कटाई करना पड़ रहा है।

# नसिया मंदिर में हुई आचार्यश्री के चरणों की स्थापना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



जैन धर्म के सर्वोच्च तपस्वी संत आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के समाधि के 1 वर्ष पश्चात उनके चरण चिन्ह धातु की प्रतिकृति के रूप में समारोह पूर्वक स्थापित किए गए मंदिर के समक्ष निर्मित आकर्षक वेदी पर स्थापित करने का सौभाग्य कुंडलपुर कमेटी के अध्यक्ष चंद कुमार सराफ के परिवार को प्राप्त हुआ। मंदिर कमेटी के महामंत्री अभय बनगांव, प्रदीप सराफ, ललित सराफ एवं अशोक सराफ आदि को चरणों का अभिषेक करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। महेश दिगंबर एवं मीनू आयरन के परिवार ने आरती का सौभाग्य प्राप्त किया पंडित आशीष जैन के मार्गदर्शन में चरणों के अभिषेक उपरांत आचार्य श्री की मंगलमय पूजन की गई राजेश चौधरी परिवार ने भी स्थापना में अपना सहयोग प्रदान किया। इसके पूर्व नन्हे मंदिर से गुरुचरण स्थापना महोत्सव की शोभायात्रा प्रारंभ हुई जो घंटाघर से होती हुई राय चौराहा से नसिया मंदिर जैन स्कूल पहुंची शोभायात्रा में सबसे आगे रथ पर विराजमान श्रावक गन हाथों में धर्म ध्वज लेकर शोभा बढ़ा रहे थे। आचार्य श्री के चरण चिन्ह को रथ में रखकर श्रावक गन अपने हाथों से खींच रहे थे स्थान स्थान पर श्रावक गण आरती उतार रहे थे समाज के विभिन्न महिला मंडल अपने हाथों में कलश लेकर मंगल अगवानी कर रही थी। शोभा यात्रा के संपूर्ण मार्ग को तोरण द्वार से सुंदर ढंग से सजाया गया था। इस मौके पर कुंडलपुर कमेटी के उपाध्यक्ष देवेंद्र सेठ नेम सराफ दिगंबर जैन पंचायत के अध्यक्ष सुधीर सिंघई, महामंत्री पदम खली, सोनू नेता, नवीन निराला, सुनील वेजीटेरियन, संजीव शाकाहारी, शैलेंद्र मयूर, आनंद जैन आदि की उपस्थिति रही। सराफ परिवार के द्वारा सभी श्रद्धालु गणों को सामूहिक भोज की व्यवस्था की।





# ब्यारमा नदी की कगार खोद कर निकाल रहे मिट्टी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गैसाबाद

एक और जहां शासन बाढ़ के पानी से बचाव करने के लिए नदी किनारे बाढ़ नियंत्रण दीवारों का निर्माण करा रही है। वहीं दूसरी ओर ग्राम गैसाबाद की ब्यारमा नदी किनारे की ढी को खोद कर ग्राम के ही कुछ ट्रैक्टर वाले मिट्टी बेच कर व्यापार कर रहे हैं। प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम के सिद्धेश्वर धाम नर्सरी के पास वाली जगह पर नदी किनारे की ढी को खोद कर बड़े पैमाने पर मिट्टी की खुदाई की जा रही है जिस से नदी किनारे वाली ऊंची ढी को कुछ लोगों ने खोद कर उस जगह को समतल बना दिया है। जिससे अब बरसात के दिनो में नदी का पानी चारों तरफ फैलने लगेगा और बाढ़ का पानी फेलने का खतरा बढ़ गया है। गौरतलब है कि नदी किनारे की ढी टूट जाने से बाढ़ का पानी सीधा नर्सरी के अंदर पहुंचने लगेगा और जल्दी ही रोड पर पहुंच जाएगा जिससे रोड ब्लॉक होने का अंदेशा बना रहेगा। इस पूरे मामले पर जब खनिज अधिकारी मैनेजर सिंह से बात करनी चाही तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

## फार्मर आईडी के कार्य का लिया जायजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने ग्राम तेजगढ़, माड़नखेडा एवं अन्य ग्रामों में पहुंचकर फार्मर आईडी के कार्य का जायजा लिया। उन्होंने पटवारी एवं सर्वेयर से चर्चा कर सभी पात्र किसानों की फॉर्मर आई डी तय समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

### राजस्व कार्यों का लिया जायजा

दमोह। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर लगातार जिले में फार्मर आईडी सहित अन्य राजस्व कार्यों का निरीक्षण कर रहे हैं। इसी क्रम में कलेक्टर श्री कोचर ने गतदिवस शाम 04 बजे से लगभग रात 08 बजे तक इमलिया, सोमखेड़ा कला, दसौदा, टोरी, अधरोटा सहित अन्य ग्रामों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने पटवारी और सर्वेयर को शत-प्रतिशत कार्य करने निर्देश दिए। उन्होंने तहसीलदार श्री आशुतोष से कहा तय समय अनुसार सभी पात्र किसनों की फार्मर आईडी बन जाए। ज्ञात हो कि तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित राजस्व अमला लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर किसानों की फार्मर आईडी सहित अन्य राजस्व कार्यों को सुनिश्चित कर रहे हैं।

# अतिक्रमण की कार्यवाही के तीसरे दिन पीएम आवास के समीप चला बुल्डोजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



जिला प्रशासन के निर्देशन में अतिक्रमणकारियों के विरूद्ध निरंतर कार्यवाही चल रही है। अतिक्रमण की कार्यवाही के तीसरे दिवस न्यू दमोह प्रधानमंत्री आवास के समीप के आधा दर्जन से अधिक अतिक्रमण कर बनाए गए मकानों को हटाया गया। अधिकारियों ने बताया कि तीन दिनों की कार्यवाही में लगभग पांच करोड रूपये की भूमि अतिक्रमण से मुक्त करायी गयी है। इसी क्रम में वीरान क्षेत्र में बने एक रेंप को भी जेसीबी की मदद से हटा दिया गया हैं। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप मिश्रा ने बताया कि यहां बने रेंप को हटा दिया गया है। अधिनियम और नियम में इस बात का स्पष्ट उल्लेख है कि कितने नाप में क्या क्या स्थिति होना चाहिये। उन्होंने कहा पशु क्रूरता अधिनियम के तहत अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध मामला पंजीबद्ध किया जायेगा और आरोपियों को तलाश कर कार्यवाही की जायेगी। एस डी एम दमोह आरण्एलण बागरी ने बताया कि यह नियमित चलने वाली कार्यवाही हैंए शासकीय जमीन से अवैध निर्माणों को हटाया जा रहा हैए जो लगातार जारी रहेगा। तहसीलदार मोहित जैन ने बताया कि अतिक्रमण करने वाले कोई भी हों उनको छोडा नहीं जायेगा। नगर पालिका की करोड़ों रूपयों की जमीन को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया है। अतिक्रमण कारियो के विरुद्ध यह अभियान लगातार चलता रहेगा। वन विभाग के वन परिक्षेत्र अधिकारी विक्रम चौधरी ने बताया कि वन विभाग एवं राजस्व भूमि के बीच अतिक्रमण को हटा दिया गया है। इस कार्यवाही के दौरान सिटी कोतवाली थाना प्रभारी आनंद राज देहात थाना प्रभारी मनीष कुमार मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रदीप शर्मा सहित प्रशासन पुलिस वन एवं नगर पालिका के साथ विघुत मंडल की टीम उपस्थित रही।

## बर्धा गांव में ट्रांसफार्मर में लगी आग, धू-धू कर जला ट्रांसफार्मर



**मडियादो।** ग्राम पंचायत वर्धा के आदिवासी मोहल्ले में स्थित बिजली ट्रांसफार्मर में रविवार दोपहर अचानक आग लग गई। आग लगने से बिजली ट्रांसफार्मर धू-धू कर जल गया। ग्रामीणों द्वारा पानी डालकर आग बुझाई गई । ट्रांसफार्मर में शॉर्ट सर्किट से लगी आग की वजह से गांव में बिजली आपूर्ति ठप हो गई । आग लगने की सूचना ग्रामीणों द्वारा बिजली विभाग को भी दी गई है। सूचना के बाद ट्रांसफार्मर से फैली लाइन काट दी गई।

## महिला दिवस पर कदम संस्था ने रोपा 990 वां पौधा

**दमोह।** पिछले 18 वर्षों से लगातार हर रविवार को पौधारोपण करती चली आ रही सामाजिक संस्था कदम ने आज ठीक 10:00 बजे कदम समय पर आयुष कार्यालय में पौधारोपण किया, जिसमें योगी पांडे ने अपना जन्मदिन एवं श्रीमती सुलोचना राममोहन घारू ने अपनी वैवाहिक वर्षगांठ पर पौधारोपण किया संस्था प्रमुख दीपक सेन ने कदम संस्था प्रमुख रचना डेविड भोपाल, एआईजी संतोष सिंह गौर,पुनीत गुलाटी जबलपुर, राजेश पटेरिया, रवि अग्रवाल, विकास अग्रवाल, रितु दुआ, सुषमा दुबे, सोनाली यादव, शालिनी अजमेरा,मंजू गौर, चैन रूप दायमा राजस्थान, राकेश मिश्रा, संजय रजक, हरी रजक, विराट किंडो के जन्मदिन एवं भारती आदर्श कटियार आईजी,डॉ रजनी भंडारी इंदौर,बृजरानी विकास मिश्रा नागपुर, सोहनी विवेक अग्रवाल की वैवाहिक वर्षगांठ पर आम के पौधे का रोपण किया सभी ने मिलकर कदम का पारंपरिक गीत गया एवं इसके पश्चात कदम सम्मान पत्रों का वितरण किया गया। डॉक्टर राजकुमार पटेल ने कदम संस्था की सदस्यता ग्रहण की आज के कार्यक्रम में विशेष उपस्थिति भावना उमरे,मंजूषा चौबे, रश्मि सेन,उषा चौधरी, शिवांगी पांडे, सुधा हजारी, अनीता राजपूत, रिचा हजारी, याबी पांडे, प्रवर पांडे, राधेश्याम नेमा, डॉक्टर केदारनाथ,शर्मा ,डॉ नवीन दुबे,डॉ गौरव जैन, मुन्ना दुबे, अजीत संगतानी, दीपक राजपूत,तरुण चौधरी, डॉ अनुराग कुमार दीपेश पटेल, अनंत राम पटेल, विनोद कुमार, भारत राय, सौरभ सिंह, प्रदीप, बृजेश ब्रज, अर्जुन प्रताप राजपूत, कदम संस्था युवा अध्यक्ष दिग्विजय सेन, पलाश असाटी की विशेष उपस्थिति रही।

### बिना स्ट्रा मेनेजमेंट सिस्टम या स्ट्रा रीपर के नही चलेंगे कंबाइन हार्वेस्टरः कलेक्टर

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने नरवाई में आग लगाने की घटनाओ को रोकने के लिए प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। इसी क्रम में कंबाइन हार्वेस्टर के साथ स्ट्रा मेनेजमेंट सिस्टम या स्ट्रा रीपर को अनिवार्य किया गया है, बिना इसके कही पर भी हार्वेस्टर चलते हुए पाए जाने पर आरटीओ दमोह एवं सहायक कृषि अभियांत्रिकी दमोह को कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए है। साथ ही यदि किसान खेत मे आग लगाते है उन पर भी अर्थदण्ड की कार्यवाही सबंधित क्षेत्र के कृषि विस्तार अधिकार, पटवारी एवं कोटवार द्वारा पंचनामा तैयार कर नायब तहसीलदार/तहसीलदार द्वारा की जाएगी।

## श्रमिकों से उनके हित मे चल रही योजनाओं पर की चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

तीन गुल्ली चौराहे पर मजदूरी की तलाश में एकत्रित होने वाले श्रमिकों को श्रम विभाग द्वारा शासन की संचालित योजनाओं की जानकारी पूर्व वित्त मंत्री एवं दमोह विधायक श्री जयंत कुमार मलैया की उपस्थिति में प्रदान की गई। साथ ही निर्माण श्रमिक किन-किन क्षेत्रों में कार्य करते हैं, उनकी समस्याएं क्या है, से संबंधित विषयों का सर्वे कार्य भी शुरू किया गया। उपस्थित निर्माण श्रमिकों को विधायक श्री मलैया द्वारा स्व ल्पाहिर कराया गया एवं श्रमिकों को शासन की योजनाओं का लाभ प्राप्त हो रहा है या नहीं, की जानकारी प्राप्त की।

कलेक्टनर श्री कोचर द्वारा सभी श्रमिकों से रूबरू होकर उनकी समस्या्ओं को सुना गया एवं किसी भी प्रकार की समस्याो होने पर प्रत्ये क मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई में उपस्थित होकर समस्या बताने के लिए कहा गया। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा श्रीमिक सर्वे का कार्य श्रम विभाग के माध्यवम से कराये जाने के निर्देश दिये गए, जो कि आज दिनांक से श्रम निरीक्षकों द्वारा प्रारंभ कर दिया गया है। कार्यक्रम में उपस्थित श्रम पदाधिकारी जी.डी. गुप्ताा, जन अभियान परिषद् से सुशील नामदेव समस्तय टीम सहित एवं श्रम विभाग की टीम से सहायक श्रम अधिकारी आशा सरर्याम, श्रम निरीक्षक राहुल कुर्मी, पूजा अवस्थी, स्वाति राज उपस्थित रहें।

## ग्राम पंचायत ने किया महिलाओं का सम्मान




गैसाबाद। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर ग्राम पंचायत गैसावाद कार्यालय में महिलाओं का सम्मान किया गया जिसमें महिला सरपंच श्रीमती ललिता विनोद अहिरवार द्वारा महिलाओं का श्रीफल साल से सम्मान किया गया। कार्यक्रम में सरपंच प्रतिनिधि विनोद अहिरवार एवं पंचायत के सदस्य प्रशासनिक अधिकारी एवं महिला थाना प्रभारी प्रीति पांडे की उपस्थिति रही।

# भगवान के पास कोई छोटा-बड़ा नहीं होताः स्वामी अनंताचार्य जी महाराज

**हटा।** नगर के श्री कौशलाधीश मंदिर प्रांगण नायक तिगड्डा में चल रही श्रीमद् भागवत महापुराण के पंचम दिवस में कथा वाचक अनंत विभूषित श्रीमद् जगतगुरु स्वामी अनंताचार्य जी महाराज ने बताया कि सामाजिक समरसता का सबसे बड़ा उदाहरण भगवान श्री कृष्ण ने दिया भगवान श्री कृष्ण के मित्र कोई गरीब कोई अमीर कोई बड़ी जाति कोई छोटी जाति के थे परंतु भोजन के समय भगवान सबका भोजन मिला करके उसे मोहन भोग बनाते थे और सब मिलकर के एक साथ उसे पाते थे भगवान ने कहा कि अमीर का बेटा मालपुआ खाए और गरीब का बेटा सूखी रोटी खाये ऐसा नहीं होगा हम सब मिलकर के एक साथ भोजन करेंगे एक घाट का पानी पियेंगे एक साथ रहेंगे और भगवान सबके साथ एक जैसा बरताव करते थे इसीलिए भगवान को जगतगुरु कहा गया।



## दिव्यांग महिलाओं ने ई-रिक्शा रैली में भाग लिया

**दमोह।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में दिव्यांग महिलाओं को समर्पित सुगम्य यात्रा नगर पालिका में पदस्थ समग्र सामाजिक सुरक्षा विस्तार अधिकारी श्रीमती प्रतीक्षा सिंधाई, नितिन पटेल एव रविंद्र टांक सहायक ग्रेड 3 सामाजिक न्याय विभाग दमोह, (मध्य प्रदेश) के निर्देशानुसार प्रेरणा विशेष शिक्षा संस्थान एवं पुनर्वास केंद्र दमोह मध्य प्रदेश एवं सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग दमोह मध्य प्रदेश के सहयोग ई रिक्शा ऑटो से पीजी कॉलेज से, कलेक्ट्रेट प्रांगण में श्रीमती रंजीत पटेल जिला पंचायत अध्यक्ष दमोह, श्रीमती नर्मदा सिंह समाज सेविका, जन अभियान समिति के जिला समन्वय सुशील नामदेव द्वारा हरी झंडी दिखाकर बॉलीवुड सिनेमा घर से बेलाताल तहसील ग्राउंड होते हुए विशाल मेगा मार्ट से नेहरू पार्क से सिविल कोर्ट के सामने से बस स्टैंड होते हुए पीजी कॉलेज में आकर रैली समाप्त हुई जिसमें प्रेरणा विशेष शिक्षा संस्थान एवं पुनर्वास केंद्र दमोह के दिव्यांग कुमारी आयुषी जैन, कुमारी पूजा आठिया, मास्टर हरिओम चौरसिया, अंकित जैन, विनय प्रजापति, मोहित पटेल, श्रीमती अर्चना कोरी बोगा एवं सहायक बलराम शर्मा कार्यालय सहायक, नरेंद्र प्रताप सिंह प्राचार्य एवं अभय कुमार दुबे अध्यक्ष निःशक्त व्यक्ति (मानसिक मद, सेरीव्रल पल्सी, आटिज्म एवं बहुविकलांग) अभिभावक संघ ने प्रतिनिधित्व किया।